प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

6 जून 2025

**भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद**

भारत सरकार ने नीलामी के माध्यम से ₹26,000 करोड़ (अंकित मूल्य) की कुल राशि के लिए अपनी प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद की घोषणा की है। वापसी-खरीद का प्रतिभूति-वार विवरण निम्नानुसार है:

| **क्रम सं.** | **प्रतिभूति** | **परिपक्वता की तारीख** |
|---|---|---|
| 1. | 5.63% जीएस 2026 | 12 अप्रैल 2026 |
| 2. | 8.33% जीएस 2026 | 09 जुलाई 2026 |
| 3. | 6.97% जीएस 2026 | 06 सितंबर 2026 |
| 4. | 5.74% जीएस 2026 | 15 नवंबर 2026 |
| 5. | 8.15% जीएस 2026 | 24 नवंबर 2026 |

₹26,000 करोड़ की कुल सीमा के भीतर अलग-अलग प्रतिभूतियों के लिए कोई अधिसूचित राशि नहीं है। प्रतिभूतियों की नीलामी एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके आयोजित की जाएगी। नीलामी के लिए प्रस्ताव **12 जून 2025** (गुरुवार) को **पूर्वाह्न 10:30 से पूर्वाह्न 11:30** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत किए जाए। नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा और निपटान **13 जून 2025** (शुक्रवार) को होगा।

भारत सरकार निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित रखती है:

- अलग-अलग प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद की मात्रा तय करना।
- ₹26,000 करोड़ की अधिसूचित राशि से अधिक या कम स्वीकार करना।
- बिना कोई कारण बताए किसी या सभी प्रस्तावों को पूर्णतः या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करना।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/506**